## II. वचन (Number)

परिभाषा : वचन का अभिप्राय संख्या से है। विकारी शब्दों के जिस रूप से उनकी संख्या *(एक या अनेक)* का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

हिन्दी में केवल दो वचन हैं—एकवचन, बहुवचन।

1. एकवचन *(Singular)* : शब्द के जिस रूप से एक वस्तु या एक पदार्थ का ज्ञान होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे—बालक, घोड़ा, किताब, मेज आदि।

2. बहुवचन *(Plural)* : शब्द के जिस रूप से अधिक वस्तुओं या पदार्थों का ज्ञान होता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे—बालकों, घोड़ों, किताबों, मेजों आदि।

Scanned with CamScanner

**बहुवचन बनाने में प्रयुक्त प्रत्यय—**

1. ए : आकारान्त पुंलिंग, तद्भव संज्ञाओं में अन्तिम 'आ' के स्थान पर 'ए' कर देने से बहुवचन हो जाता है। जैसे—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घोड़ा | — घोड़े | लड़का | — | लड़के | गधा | — | गधे |

2. एं : अकारान्त एवं आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में एं जोड़ने पर वे बहुवचन बन जाते हैं। जैसे—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पुस्तक | — | पुस्तकें | बात | — | बातें |
| सड़क | — | सड़कें | गाय | — | गायें |
| लेखिका | — | लेखिकाएं | माता | — | माताएं |

3. यां : यां इकारान्त, ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में जुड़कर उसे बहुवचन बना देता है। जैसे—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जाति | — | जातियां | रीति | — | रीतियां |
| नदी | — | नदियां | लड़की | — | लड़कियां |

4. ओं : ओं का प्रयोग करके भी बहुवचन बनते हैं। जैसे—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कथा | — | कथाओं | साधु | — | साधुओं |
| माता | — | माताओं | बहन | — | बहनों |

5. कभी-कभी कुछ शब्द भी बहुवचन बनाने के लिए जोड़े जाते है। जैसे—वृन्द *(मुनिवृन्द)*, जन *(युवजन)*, गण *(कृषकगण)*, वर्ग *(छात्रवर्ग)*, लोग *(नेता लोग)* आदि।

वाक्य में वचन संबंधी अनेक अशुद्धियां होती हैं जिनका निराकरण करना आवश्यक है, जैसे—

(i) कुछ शब्द सदैव बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं। जैसे—

| | |
|---|---|
| प्राण | मेरे प्राण छटपटाने लगे। |
| दर्शन | मैंने आपके दर्शन कर लिए। |
| आंसू | आँखों से आँसू निकल पड़े। |
| होश | शेर को देखते ही मेरे होश उड़ गए। |
| बाल | मैंने बाल कटा दिए। |
| हस्ताक्षर | मैंने कागज पर हस्ताक्षर कर दिए। |

(ii) कुछ शब्द नित्य एकवचन होते हैं। जैसे—

| | |
|---|---|
| माल | माल लूट गया। |
| जनता | जनता भूल गई। |
| सामान | सामान खो गया। |
| सामग्री | हवन सामग्री जल गई। |
| सोना | सोना का भाव कम हो गया। |

(iii) आदरणीय व्यक्ति के लिए बहुवचन का प्रयोग होता है।

पिताजी आ रहे हैं।
तुलसी श्रेष्ठ कवि थे।
आप क्या चाहते हैं?

(iv) 'अनेकों' शब्द का प्रयोग गलत है। एक का बहुवचन अनेक है, अतः अनेकों का प्रयोग अशुद्ध माना जाता है। जैसे—

1. वहाँ अनेकों लोग थे। (अशुद्ध)
   वहाँ अनेक लोग थे। (शुद्ध)
2. बाग में अनेकों वृक्ष थे। (अशुद्ध)
   बाग में अनेक वृक्ष थे। (शुद्ध)

Scanned with CamScanner